Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 73 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 4 सितम्बर 2024

कबीर खान ने लीज पर लिया अजय ..पेज-3 पर

## आफत की बारिशः वरुणावत में भूस्खलन, अचानक गिर रहे बोल्डर

देहरादून/उत्तरकाशी

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिला मुख्यालय में बारिश के बीच वरुणावत पर्वत से भूस्खलन अभी भी रुक-रुक हो रहा है। अचानक बोल्डर गिर रहे हैं, जिससे इनका बस्ती तक पहुंचने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में पल-पल लोगों को डर सता रहा है। अभी स्थिति सामान्य बनी हुई है, लेकिन अचानक बोल्डर गिरने लगे हैं। बोल्डर ऊपर जंगलों में अटक रहे हैं, इसलिए बस्ती तक अभी नहीं पहुंचे हैं। हालांकि खतरा बरकरार है। मंगलवार को भूस्खलन की तेज आवाज सुनकर लोग दहशत में आ गए और घर छोड़कर बाहर भागे। मस्जिद मोहल्ला निवासी अनिता व बीना ने बताया कि बच्चे पढ़ रहे थे, फिर वो अचानक घर से भागकर नीचे आ गए। आवाज बहुत तेज थी। वरुणावत पर्वत का बड़ा हिस्सा दरकने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, सूचना मिलते ही एडीएम रजा अब्बास व एसडीएम बृजेश कुमार तिवारी आपदा प्रबंधन केंद्र पहुंचे। केंद्र के अधिकारी भी फोकस लाइट से भूस्खलन की स्थिति देखने में जुटे हैं। वरुणावत पर्वत पर एक हफ्ते में दूसरी बार भूस्खलन हुआ है। बीते मंगलवार(27 अगस्त) को भी यहां भूस्खलन हुआ था। पर्वत से अचानक आवासीय क्षेत्रों के आसपा यस बोल्डर गिरे तो लोगों में अफरा-तफरी मच गई थी। इस घटना ने वर्ष 2003 में हुए भूस्खलन की कड़वी यादें ताजा कर दीं। असी और वरुणा नदियों के बीच उत्तरकाशी शहर वरुणावत पर्वत की तलहटी में बसा हुआ है। वरुणावत पर्वत पंचकोसी वारुणी यात्रा के साथ इस पर स्थित पौराणिक मंदिरों के लिए तो प्रसिद्ध है ही। यह वर्ष 2003 के विनाशकारी भूस्खलन के लिए याद किया जाता है। साल 2003 में अचानक ही इस पर्वत से जब भूस्खलन शुरू हुआ तो तीन से चार जोन में बोल्डर व मलबा गिरता था। सबसे मुख्य भटवाड़ी रोड पर वर्तमान सब्जी मंडी के पास वाला क्षेत्र था। इसके बाद मस्जिद मोहल्ले सहित गोफियारा वाले क्षेत्र तक और तांबाखाणी रोड पर भी बोल्डर गिरते हैं। उस भूस्खलन में भटवाड़ी रोड के कई बहुमंजिला भवन जमीदोंज हो गए थे। तब एक बड़ी आबादी को खतरे वाली जगह से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया था। अब करीब 21 साल बाद दोबारा से वरुणावत पर्वत से बोल्डर गिरने से लोग डर गए हैं।

## News कॉर्नर

### स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्अ के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। काठगोदाम थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। जब पुलिस टीम पनचक्की चौराहे के पास पहुंची तो वहां पर दो-तीन युवक संदिग्ध हालत में खड़े। पुलिस को देखकर दो युवक भागने में कामयाब रहे जबकि एक युवक का पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहित चौहान उर्फ गिल्लु निवासी शिवालिक विहार फेस-2, कैनाल रोड बताया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 3.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### युवती ताऊ पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**हल्द्वानी।** एक युवती ने अपने ताऊजी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाना बनभूलपुरा में शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने आरोप लगाया है कि उसके ताऊजी ने उसके साथ बलात्कार और शोषण किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुस्कान ) निवासी ग्राम-छप्पार, मुजफ्फरनगर ने अपनी तहरीर में कहा है कि उसके पिता सरताज अली रोडवेज में संविदा ड्राइवर हैं और जुबैर आलम उनके दोस्त हैं। जुबैर आलम सेवानिवृत्त हो चुके हैं। युवती का कहना है कि जुबैर आलम जुलाई 2024 के पहले सप्ताह में उनके घर आए और उसकी मदद की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी की तबीयत खराब है और मुस्कान को उनके घर काम करने के लिए भेज दो। मुस्कान के पिता ने जुबैर आलम पर विश्वास करते हुए उसे उनके साथ भेज दिया। आरोप है कि जुबैर आलम ने उसे हल्द्वानी पहुंचने के बाद गलत हरकतें करनी शुरू कर दीं। उसके विरोध करने पर उसे धमकाया। जब उसकी तबीयत खराब हो गई, तो जुबैर आलम ने उसे 19 जुलाई 2024 को उसके घर भेज दिया।

## दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकतेः सीएम योगी

लखनऊ

एजेंसी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि बुलडोजर सबके हाथ में नहीं फिट होता है। उसके लिए बुलडोजर जैसी इच्छाशक्ति चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि अपराधियों पर बुलडोजर चलाने के लिए बुलडोजर जैसी इच्छाशक्ति चाहिए। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने ये बयान अखिलेश यादव की उस टिप्पणी के जवाब में दिया है जिसमें अखिलेश यादव ने कहा था कि सत्ता में आए तो 2027 के बाद बुलडोजर को गोरखपुर की तरफ मोड़ देंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब टीपू भी सुल्तान बनने के सपने देख रहे हैं। कुछ समय पहले एक नाटक आता था मुंगेरी लाल के हसीन सपने, आज वह लोग भी सपने देख रहे हैं। यह लोग सपना देख रहे हैं। जब इनको अवसर मिला था तो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1334 अवर अभियंता, संगणक व फोरमैन को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले जब नौकरियां निकलती थीं तो चाचा भतीजे में वसूली की होड़ लगती थी। आज कुछ जिलों में आदमखोर भेड़ियों का आतंक है। 2018 से पहले ऐसा ही आतंक और स्थिति यूपी में थी। इनके भी क्षेत्र बांटे थे। महाभारत के सभी किरदार इसमें थे। जो आज बोल रहे हैं, इनको पहले भी अवसर मिला था। इन्होंने कुछ किया नहीं। इन पर विश्वास करने की जरूरत नहीं है। प्रदेश की जनता इन लोगों के समय की गुंडागर्दी और अमर्यादित आचरण देख चुकी है। आपका एक ही लक्ष्य विभाग को सर्वोत्तम बनाना होना चाहिए। हम देश को विकसित भारत बनाना है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा सरकारों ने यूपी में युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। आज युवाओं को उनकी प्रतिभा, क्षमता से नियुक्ति पत्र मिल रहा है।

## पेयजल संकट से निजात दिलाने को जल संस्थान के अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दमुवाढूंगा के हरिपुर गांगू, लीसा फैक्ट्री, कालिका मंदिर कॉलोनी में पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए आज बुधवार को जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रवि लोशाली, सहायक अभियंता नीरज तिवारी व हरीश पंत, जेई सतीश बिष्ट व संदीप सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। ईई लोशाली ने जल्द ही इस्टीमेट बनाकर पाइप लाइन बिछाने के निर्देश दिए हैं। इस बीच सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी ने बताया कि पेयजल की समस्या पिछले दिनों विधायक सुमित हृदयेश के समक्ष उठाई गई थी। विधायक ने जल्द पाइप लाइन बिछाने का आश्वासन दिया था। इसके मद्देनजर जल संस्थान के अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान एसएल विश्वकर्मा, दिनेश चंद्र टम्टा, हरीश लाल, गोपाल बिष्ट, निशा देवी, दीपा गोस्वामी, दीपा देवी, ?रंजना आर्य, हेमा बेरी, एसएल टम्टा, खिला बर्गली, ममता नेगी आदि मौजूद थे।



## सितारगंज के बाद रुद्रपुर में बच्ची से दुष्कर्म करने का प्रयास आरोपी पर मुकदमा, गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

सितारगंज के बाद कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र में 5 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार की रात कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने पांच वर्षीय बच्ची को लालच देकर ले गया और उससे छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि बच्ची की चीख-पुकार की आवाज सुनकर आस पास के लोग एकत्रित हो गए और आरोपी को दबोच लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम राहुल पुत्र ओमप्रकाश है और वहीं का निवासी है। एसएसआई दीपक कौशिक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। बता दें कि पिछले दिनों सितारगंज क्षेत्र में एक बच्ची के साथ तीन नाबालिग लड़कों ने दुष्कर्म किया था। उनमें दो आरोपी गिरफ्तार कर लिया है।

## एयर इंडिया के दिल्ली-विशाखापत्तनम विमान में बम की धमकी

नई दिल्ली

एजेंसी



नई दिल्ली से विशाखापत्तनम जा रहे एयर इंडिया के एक विमान में मंगलवार देर रात बम होने की धमकी मिली है। हालांकि विशाखापत्तनम में लैंडिंग के बाद जब विमान की जांच की गई तो उसमें कुछ भी नहीं मिला। इस बारे में विशाखापत्तनम हवाई अड्डे के निदेशक एस राजा रेड्डी ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस को बम की धमकी वाली कॉल मिली थी। इसके बाद पुलिस ने एयरलाइन और विशाखापत्तनम हवाई अड्डे को सतर्क किया।

रेड्डी ने बताया कि विमान की लैंडिंग के बाद जब उसकी जांच की गई तो पता चला कि यह एक झूठी कॉल थी। उन्होंने बताया कि इस उड़ान में 107 यात्री थे। पुणे के हडपसर इलाके में अजनबियों के साथ मोबाइल हॉटस्पॉट कनेक्शन साझा करने से इन्कार करने पर 47 वर्षीय व्यक्ति वासुदेव रामचन्द्र कुलकर्णी की सड़क पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कुलकर्णी एक लोन एजेंट के रूप में काम करता था। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार देर रात हुई घटना के सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि युवाओं के एक समूह ने कुलकर्णी से संपर्क किया और उनसे मोबाइल हॉटस्पॉट कनेक्शन साझा करने के लिए कहा। उसने अजनबियों के साथ कनेक्शन साझा करने से इन्कार कर दिया, जिस कारण विवाद हो गया। इस बीच कुलकर्णी ने एक युवक को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद आरोपियों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### स्कूटी फिसल कर आई ट्रक के नीचे, ट्रांसजेंडर की मौत

मुंबई के लोअर परेल इलाके में मंगलवार शाम सड़क हादसे में एक ट्रांसजेंडर की मौत हो गई। यहां 32 वर्षीय ट्रांसजेंडर की स्कूटी फिसल कर डंपर ट्रक की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई। लोअर परेल पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद उसे नगर निगम द्वारा संचालित अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पीड़िता वर्ली बीडीडी चॉल की रहने वाली थी।

# सरकारी योजनाओं से लाभ को लेकर समीक्षा बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन भीमताल में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनान्तर्गत जनपद में निवासरत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह यथा बुक्सा एवं राजि जनजाति के ऐसे व्यक्ति परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से पात्रता के आधार पर शत प्रतिशत लाभवान्वित किये जाने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपॉकर घिल्डियाल ने बताया कि जनवरी 2024 को विकास खंड के माध्यम से जनपद के विकास खण्ड रामनगर में चयनित जनजाति समूह यथा बुक्सा एवं राजि जनजाति के 10 ग्राम पंचायतों जिसमें कुल 18 हैवीटेशन है, वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 5781 की जनसंख्या निवासरत है। वर्तमान में जनसंख्या में दोगुनी बढोत्तरी हुई है। चयनित ग्रामों मे विषेशकर जल संस्थान तथा जल निगम द्वारा हर घर नल तथा बिजली विभाग द्वारा हर घर विद्युत कनेक्शन तथा ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ के साथ ही बीएसएनएल द्वारा ग्रामों मे समुचित इन्टरनेट की कनेक्टीवीटी जबकि समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी पात्र को पेंशन का लाभ, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड में मुफ्त राशन, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीकील सेल स्किनिंग/टी0बी0 स्किनिंग तथा बैंक के माध्यम से जन-धन खाते, पशु पालन विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड जबकि कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि का लाभ, राजस्व विभाग द्वारा जनजाति एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र एक अभियान चलाते हुये पात्र व्यक्ति/परिवारों को लाभवान्वित कराया जाना है। जिसमें 27 अगस्त 2024 से 2 सितम्बर 2024 तक विशेष पांच शिविरों का आयोजन चयनित ग्रामों में किया जा चुका है तथा 6 सितम्बर 2024 को ग्राम पचांयत बेरिया मे शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविरों मे 1273 व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से लाभवान्वित किया जा चुका है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गए कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान योजनान्तर्गत किसी भी विभाग की लापरवाही पर सख्त कार्रवाही की जाएगी। बैठक में अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड रामनगर द्वारा प्रतिभाग नहीं करने पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सितम्बर माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

बताया कि माह सितम्बर 2024 के द्वितीय सप्ताह में रामनगर मे योजनान्तर्गत मैगा इवेंट का कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री उपस्थित रहेगें। प्रस्तावित कार्यक्रम में उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग,कृषि विभाग, लीड बैक अधिकारी तथा महिला समूह के स्टाल लगाये जायेगें साथ ही प्रत्येक विभाग द्वारा 10-10 जनजाति के व्यक्तियों को लाभवान्वित किया जायेगा। प्रस्तावित कार्यक्रम नगर पालिका रामनगर के ऑडोटोरियम मे प्रस्तावित किया गया है। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, डा0एन.सी. तिवारी उप मुख्य चिकित्साधिकारी, के0एन0शर्मा खंड विकास अधिकारी, के0आर0आर्य लीड बैंक अधिकारी तथा मनोज कुमार गंगवार अधिशाषी अभियन्ता आदि मौजूद रहे।

## वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा बैठक ली

**नैनीताल।** मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडेय ने मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पांडेय द्वारा निर्देश दिए गए कि महिला हेल्पलाइन 181 का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें तथा समस्त पंजीकृत केसों के क्रम में पीडित महिलाओं का एक डेटाबेस तैयार कर उनकी शैक्षिक योग्यता के अनुसार उनको आत्मनिर्भर बनाने एवं कौशल विकास करने हेतु संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अनुलेखा बिष्ट समेत स्टॉप सेंटर नोडल अधिकारी श्रीमती नीलम नाथ एवं समस्त वन स्टॉप सेंटर स्टॉफ उपस्थित रहा।




## 62वें दिन भी निगम कर्मियों ने मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को जारी रखा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर मंगलवार को 62वें दिन भी निगम के कर्मचारियों ने नियमितिकरण व वेतन बढोत्तरी की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को जारी रखा। इसके तहत कुमाऊँ मंडल विकास निगम की इकाइयों के परिसर में विभिन्न प्रजाति के सैकड़ों पौधों का रोपण किया गया।

इधर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि निगम के कर्मचारी अपनी मांग नियमितीकरण व वेतन बढ़ोतरी को लेकर उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। आज तक किसी भी संगठन द्वारा इतने दिनों तक पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य नहीं किया गया। जितना निगम के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला समेत उपाध्यक्ष पीतांबर दुम्का, रमेश कपकोटी, गौतम कुमार, महेश कुमार दास सहित पदाधिकारी व कर्मचारी जुटे रहे। कार्यक्रम में वेद प्रकाश, पदम सिंह, गोपाल बिष्ट, सौरभ खोलिया,महेश कुमार, दीपक, राजेंद्र सिंह, हर सिंह, शोभा राम, विजय बोरा, नरेंद्र सिंह तथा रचना रावत शामिल रहे।

## महिला हिंसा की शिकायत के लिए शिकायत कमेटी का गठन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में महिला हिंसा की शिकायत के लिए शिकायत कमेटी का गठन किया गया है जिसमें अब छात्राएं परिसर किसी भी प्रकार से हो रही हिंसा की शिकायत कर सकती हैं।

कमेटी के गठन से पूर्व परिसर में सभी विभाग की छात्राओं को एकत्र कर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्राओं को संबोधित करने के लिए अल्मोड़ा एसएसजे परिसर से प्रो. विजया रानी ढोढियाल को बुलाया गया था। जिसमें छात्राओं को समिति में किस प्रकार से अपनी बात रखनी है और किस प्रकार से लोगो को जागरूक करना है की जानकारी छात्राओं को दी गयी।

प्रो. विजया रानी ने वर्तमान में प्रचलन में चल रहे लिविंग रिलेशन को युवाओं के लिए खतरा बताया। कार्यशाला में छात्राओं को मनो हिंसा की गंभीर हिंसा के लिए जागरूक करने, डिप्रेशन तथा महिला हिंसा और अन्य समस्या के बचाव के लिए जानकारी दी गयी। तय किया गया कि भविष्य में छात्राओं को नकारात्मक दृष्टिकोण से बचाव, सेल्फ हेल्प फेलोशिप तथा महिला साथी के साथ सकारात्मक व्यवहार बनाना, परिसर में नशा मुक्ति कैंप, काउंसिलिंग, केस स्टडी, सुसाइड व ईमोशनल दिसएडवांटेज आदि विषयों को लेकर समय समय पर कार्यशाला करायी जायेगी।

इसके साथ ही छात्राओं को स्वयं शशक्तिकरण का सुझाव दिया और टीचिंग, लर्निंगए और रिसर्च पर फ ोकस करने का सुझाव दिया, साथ ही छात्राओं से अन्य लोगो को भी जागरूक करने की सलाह दी। कार्यशाला का संचालन प्रो. चंद्रकला रावत ने किया। इस दौरान परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा समेत डॉ. शशि पांडे, डॉ. हृदेश कुमार, डॉ पंकज मौजूद रहे। समिति की निदेशक प्रो. चंद्रकला रावत ने बताया की आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों के नंबर परिसर के विभागों की दीवारों पर चस्पा कर दिए गए हैं।

## NEWS / फटाफट

### डीए के नेतृत्व में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में माह मई की रैंकिंग में जनपद ऊधम सिंह नगर प्रथम स्थान पर रहा



**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी उदयराज सिंह के नेतृत्व में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में माह मई की रैंकिंग में जनपद ऊधम सिंह नगर प्रथम स्थान पर रहा है, जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में माह मई की रैंकिंग मंगलवार को जारी हुई है। उन्होंने बीस सूत्रीय कार्यक्रम में माह मई की रैंकिंग में प्रथम आने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों को वर्षभर बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि जनपद उधमसिंह नगर बीस सूत्रीय के 19 कार्यक्रमों में ए श्रेणी, 5 कार्यक्रमों में बी श्रेणी, 5 में सी श्रेणी व 10 कार्यक्रमों डी श्रेणी प्राप्त की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों में ए श्रेणी में लाने के निर्देश दिये। बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रदेश के 13 जनपदों में उधमसिंह नगर प्रथम, देहरादून द्वितीय व जनपद चमोली तृतीय स्थान पर रहा।

### शीशमहल पौराणिक शिव मंदिर कमेटी के हरीश पांडे अध्यक्ष बने



**हल्द्वानी।** शीशमहल स्थित पौराणिक शिव मंदिर की कमेटी गठित कर दी गई है। निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला की अध्यक्षता में हुई बैठक में हरीश चंद्र पांडे को अध्यक्ष व पंकज खत्री को महामंत्री चुना गया। इनके साथ ही दिनेश फुलारा व मोहन भट्ट उपाध्यक्ष, नीरज शारदा कोषाध्यक्ष, आरपी सिंह लेखा परीक्षक, जोगेंद्र रौतेला प्रशासनिक मंत्री, गिरीश चंद्र तिवारी व मनोज तिवारी सह कोषाध्यक्ष, एनडी तिवारी सचिव, उमेश सैनी सह सचिव, अंजू जोशी महिला उपाध्यक्ष चुने गये। निवर्तमान मेयर रौतेला व सुभाष गुप्ता को संरक्षक बनाया गया है। इनके अतिरिक्त नीरज जोशी, दीपक बल्यूटिया, हरीश बल्यूटिया, मोहन अधिकारी, जगदीश बल्यूटिया, गिरीश लोहनी, पूरन कोठारी, उमेश जोशी, विपिन बल्यूटिया, विक्रम डंगवाल, उमेश तिवारी, सुनील अग्रवाल, साकेत अग्रवाल व राजेश अग्रवाल को सदस्य मनोनीत किया गया है। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष पांडे ने बताया कि शिव मंदिर को भव्य रूप दिया जाएगा, इसके लिए जल्द ही भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### मुखानी रामलीला कमेटी के मनीष कपिल छठवीं बार अध्यक्ष बने



**हल्द्वानी।** श्रीराम सेवक रामलीला कमेटी मुखानी की कार्यकारिणी घोषित कर मनीष कपिल को लगातार छठवीं बार अध्यक्ष चुना गया है। साथ ही नेत्र बल्लभ जोशी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शुभांशु पांडे, को उपाध्यक्ष, हृदयेश पंत को कोषाध्यक्ष, दीपक जोशी सचिव, संदीप भोज उपसचिव, तारु तिवारी मीडिया प्रभारी, दिनेश जोशी निर्देशक, कमलेश जोशी मेला प्रबंधक, मनीष साह स्टेज प्रबंधक, हरेंद्र जोशी व भास्कर साह सदस्य, गीता जोशी महिला उपाध्यक्ष, चित्रा सुयाल उपसचिव व मीना तिवारी सदस्य बनाया गया है। इनके अतिरिक्त साकेत अग्रवाल, डॉ. मोहन तिवारी, सुरेश चंद्र पांडे, अंजू पंत, विनोद दानी, राजेंद्र जीना, मदन फर्त्याल, भुवन चंद्र पनेरू, नवनीत राणा, गिरीश नैनवाल, राजेंद्र डोठाल, सुरेंद्र प्रताप सिंह राणा व आलोक गोयल को संरक्षक चुना गया। इस बीच कमेटी अध्यक्ष कपिल ने बताया कि पांच अक्टूबर से रामलीला का मंचन किया जाएगा। मंचन 16 अक्टूबर तक चलेगा।

## 1282 अधिवक्ताओं की मतदाता सूची जारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव हेतु गठित चुनाव समिति की मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी. एस. अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 1282 अधिवक्ताओं की मतदाता सूची जारी की गई ।

चुनाव समिति के मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह रावत की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि जिन अधिवक्ताओं के ऑल इण्डिया बार परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव कार्यालय को प्राप्त नहीं हुए हैं उनकी संख्या 145 और जिन अधिवक्ताओं ने अन्य राज्य की बार कौंसिल से अपना रजिस्ट्रेशन बार कौंसिल ऑफ उत्तराखण्ड में ट्रांसफर का प्रमाण पत्र नहीं दिया है उनकी संख्या 97 है। इन अधिवक्ताओं के लिए विकल्प रखा गया है कि यदि वह मतदान के दिन अपना ऑल इण्डिया बार परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र व बार कौंसिल ऑफ उत्तराखण्ड में ट्रांसफ र का प्रमाण पत्र मुख्य चुनाव अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करते हैं तो उन्हें मतदान का अधिकार दिया जायेगा।

बैठक में तय हुआ कि 4 व 5 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री होगी। बैठक में अंजली भार्गव, राजेश शर्मा, गंगा सिंह नेगी, राजेश जोशी, प्रमोद बेलवाल, राजकुमार सिंह, विशाल सिंह मेहरा, शिवानन्द भट्ट, निरंजन भट्ट, मीना विष्ट पचोलिया, ममता जोशी, करन आनन्द, पकंज कपिल, दीपा आर्या, शीतल सेलवाल, श्वेता बढौला डोभाल, शिवम राणा, सिद्धार्थ सिंह नेगी, अमनजोत सिंह चड्ढा, अविदित नौलियाल, रजनी सुप्याल लटवाल, गरिमा थापा, सैयद काशिफ जाफरी तथा वन्दना सिंह आदि उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## पहचान-पत्र जरूरी

*दंगाइयों से नुकसान की वसूली से भी महत्वपूर्ण यह है कि उत्तराखंड में हर परिवार को पहचान मिलेगी और जाति व आवासीय प्रमाण-पत्र मिलेगा। राज्य में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्र में समुदाय विशेष के लोग लव जिहाद के तहत अपहरण, दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध कर रहे हैं। वारदात होने के बाद पुलिस किरायेदारों के सत्यापन का अभियान चलाती है। सत्यापन की कार्रवाई खानापूर्ति मात्र साबित होती है। हर परिवार की यूनीक आईडी से अपराधियों को छिपने का मौका आसान नहीं रहेगा। सरकारी मशीनरी को जाति व आवासीय प्रमाण-पत्र घर-घर जाकर बनाने चाहिएं।*

उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र में कई निर्णय किये गये। सबसे अधिक महत्वपूर्ण विधेयक दंगाइयों से नुकसान की वसूली है। राज्य सरकार ने परिवार पहचान योजना शुरु करने का भी निर्णय किया है, इसके तहत हर परिवार की यूनीक आईडी बनेगी और जाति व आवासीय प्रमाणपत्र तत्काल मिल सकेंगे। दंगाइयों से वसूली के लिए उत्तराखंड लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली अधिनियम पारित किया गया। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में अतिक्रमण ध्वस्त करने के दौरान दंगाइयों ने पुलिस थाने में आग लगा दी थी। अनेक वाहन फूंक दिये थे। महिला पुलिस कर्मचारियों सहित कई जवान और अधिकारी घायल हो गये थे। अभी तक नुकसान की वसूली नहीं हो सकी है। अमूमन देखा गया है कि विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ में शामिल असामाजिक तत्व सार्वजनिक व निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं। बसों पर पथराव और आगजनी तो आम बात हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में साम्प्रदायिक दंगों पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा चुका है, लेकिन राजनीतिक दल व अन्य संगठन विरोध प्रदर्शन करते रहते हैं। विरोध प्रदर्शन के आयोजनकर्ता हिंसक नहीं होते हैं, परन्तु शरारती तत्व हिंसा का बहाना तलाश लेते हैं। प्रशासन और पुलिस हिंसक भीड़ को बल प्रयोग से तितर-बितर करके अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। अब देखना होगा कि क्षतिपूर्ति कैसे की जाती है? दंगाइयों से नुकसान की वसूली से भी महत्वपूर्ण यह है कि उत्तराखंड में हर परिवार को पहचान मिलेगी और जाति व आवासीय प्रमाण-पत्र मिलेगा। राज्य में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्र में समुदाय विशेष के लोग लव जिहाद के तहत अपहरण, दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध कर रहे हैं। वारदात होने के बाद पुलिस किरायेदारों के सत्यापन का अभियान चलाती है। सत्यापन की कार्रवाई खानापूर्ति मात्र साबित होती है। हर परिवार की यूनीक आईडी से अपराधियों को छिपने का मौका आसान नहीं रहेगा। सरकारी मशीनरी को जाति व आवासीय प्रमाण-पत्र घर-घर जाकर बनाने चाहिएं। स्कूल में शिविर लगाकर अथवा कम्प्यूटर केन्द्रों के माध्यम से प्रमाण-पत्र बनाने में धोखाधड़ी होने का अंदेशा रहेगा। सरकारी मशीनरी द्वारा गंभीरता से कर्तव्य का निर्वहन नहीं करने से मतदाता सूची का संशोधन भी सही से नहीं होता है। हर बार चुनाव के दौरान मतदाता सूची में अनेक मृतकों के नाम दर्ज होते हैं और जिंदा लोगों के नाम नदारद होते हैं। अच्छा निर्णय लेने के साथ उसका अच्छी तरह पालन करना ज्यादा आवश्यक होता है।

# रुद्रपुर में विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



यहां भूतबंगला रामलीला मैदान में विश्व हिन्दू परिषद,रुद्रपुर प्रखंड का आयोजित स्थापना दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विचार गोष्ठी के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान बढ़ते महिला अपराधों सहित समाज की कई ज्वलंत समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञान चंद ने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े समुदाय के लोगों में हो रहे धर्मांतरण पर प्रकाश डाला। साथ ही कड़े शब्दों में इसकी आलोचना की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय प्रन्यासी मंडल के सदस्य स्नेह पाल ने विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना एवं संगठन के देश एवं विदेश में किए जा रहे हिन्दू जागरण के कार्यों का व्याख्यान किया। संत वक्ता मनकामेश्वर कल्याण आश्रम के महंत स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज ने आधुनिक समय में धर्म की रक्षा एवं प्रसार पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में महिला वक्ता के रूप में मौजूद नारायण अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर की प्रतिष्ठित डॉ सोनिया अदलखा ने अहिल्या बाई होल्कर,रानी दुर्गावती का उदाहरण देते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज हम इक्कीसवी में खड़े हैं,लेकिन महिलाओं की सुरक्षा आज चिंताजनक है। जगह जगह बलात्कार हो रहे हैं। महिलाएं स्वतंत्र हैं इतने अधिकार मिले हुए हैं लेकिन महिलाएं अपनी शक्ति को नहीं पहचान रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सरकार के भरोसे रहकर कुछ नहीं होगा। सरकार क्या करेगी सरकार एक और कानून बना देगी। जितने कानून मजबूत बन रहे हैं, उतने ही अपराधी भी मजबूत हो रहे हैं। पहले महिलाओं के साथ सिर्फ रेप होते थे अब रेप के साथ मर्डर भी हो रहे हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए हमें बेटियों को मजबूत करने की जरूरत है। स्कूल स्तर से ही बेटियों को प्रशिक्षण मिलना चाहिए। आज हमें हर घर में झांसी की रानी तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि हर शहर में ऐसे ट्रेनिंग सेंटर खोले जायें जहां बेटियों को आत्म रक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जाये।

प्रखंड अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह ने वर्ष भर में विश्व हिन्दू परिषद रुद्रपुर प्रखंड की टीम ने आयोजित किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा किया। मंच पर विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष रविन्द्र पाल मौजूद रहे। सामुहिक हनुमान चालीसा एवं भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम संयोजक हिन्दू वादी नेता बिट्टू शर्मा एवं सह जिला गौ रक्षा प्रमुख गौरव मिश्रा रहे। बिट्टू शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष शैली बंसल एवं जिला मंत्री राजेंद्र मेहरा ने किया।

कार्यक्रम में जिला धर्म प्रसार प्रमुख विषपेंद्र सिंह,जिला सेवा प्रमुख शिवशंकर गुप्ता,जिला मठ मंदिर प्रमुख भुवन जोशी, जिला विधि प्रकोष्ठ प्रमुख जुगल गोस्वामी,जिला मातृ शक्ति संयोजिका अर्चना सिंह, बजरंग दल प्रखंड संयोजक आदित्य, स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक अशोक जायसवाल, जिला कार्यवाह समर पाल सिंह, जिला प्रचारक जितेन्द्र, उप सह नगर कार्यवाह रमेश जोशी आदि मौजूद रहे।

**चर्चा**

● बढ़ते महिला अपराधों सहित समाज की कई ज्वलंत समस्याओं पर भी चर्चा हुई

### अंडरपास रास्ते को मिली हरी झंडी

**रुद्रपुर।** ढाई महीने से रुके अंडरपास के निर्माण कार्य जिला प्रशासन की ओर गठित कमेटी की रिपोर्ट में रास्ता साफ हो गया। जिला प्रशासन ने हरी झंडी दे दी है। इसके लिए जिला प्रशासन ने रेलवे के अधिकारियों को पत्र भेजा है। जल्दी ही अंडरपास का निर्माण शुरू होने की संभावना है। अंडरपास के निर्माण से दो दर्जन से अधिक गांवों के हजारों लोगों को राहत मिलेगी। ग्रामीणों की ओर से ओमेक्स कालोनी के पास से अंडरपास की मांग चल रही थी ।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ईश्वर मेटल्स प्राइवेट लिमिटड कंपनी (औरंगाबाइद महाराष्ट्र) की कंपनी में मेरा पीपीएफ UKHAL0007390 में मेरी पत्नी का नाम अंजू जोशी दर्ज है। जो कि मेरी पत्नी का नाम आधार कार्ड में अंजलि जोशी दर्ज है। अत: उक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं, जो कि सही और सत्य हैं। - **लीलाधर जोशी पत्नी अंजलि जोशी, त्रिलोक नगर, भोटिया पड़ाव हल्द्वानी ( नैनीताल )**

# बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल हुआ

नैनीताल

हमारे संवाददाता



डीएसए द्वारा आयोजित एवं भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय व कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा प्रायोजित प्रथम अन्तर्विद्यालयी बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट में मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए।

पहला सेमीफाइनल मैच भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल की रेड टीम और मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर नैनीताल की टीम के मध्य खेला गया। इस मैच में दोनों टीमें बिना गोल किए बराबरी पर रही और कांटे का टक्कर का मुकाबला रहा। पेनल्टी शूटआउट में दोनों टीमें फिर बराबर रही।

अंत में सडन डेथ से मैच का परिणाम निकला जिसमें तीन के मुकाबले चार गोल से भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ने मुकाबला जीता। प्रथम सेमी फाइनल में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की प्रथम ब्लॉक प्रमुख धारी की शांति बिष्ट रही जिन्होंने इस टूर्नामेंट को ऐतिहासिक और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। उनके साथ उत्तराखंड सरकार में वन और ग्रामीण विकास विभाग के डायरेक्टर हरेंद्र सिंह बिष्ट उपस्थित रहे।

दूसरे सेमीफाइनल मैच में ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू और आल सेन्टस कॉलेज व्हाइट के मध्य खेला गया,जिसमें ऑल सेंटस कॉलेज ब्लू की टीम ने शून्य के मुकाबले 7 गोल से मैच जीता इसमें मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष व समाजसेवी कविता गंगोला रही। रैफरी डा. मनोज सिंह बिष्ट, भारत वीर, अनिल रावत और जनक बिष्ट रहे। इस दौरान डीएसए के महासचिव अनिल गढ़िया, प्रधानाचार्य भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के बिशन सिंह मेहता, फु टबॉल सचिव पवन खड़ायत, संयुक सचिव भुवन सिंह बिष्ट ,वॉलीबॉल सचिव पंकज बर्गली, बास्केटबॉल सचिव हरीश जोशी,वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष साह समेत भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय तथा आल सेंट्स कॉलेज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। संचालन नवीन पांडे ने किया ।

दूसरी ओर प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बुधवार (आज) शाम को 4.30 बजे से खेला जाएगा जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भारतीय क्रिकेटर एकता बिष्ट प्रतिभाग करेंगी।

## फिल्मी दुनिया

# कबीर खान ने लीज पर लिया अजय देवगन का ऑफिस





*निर्देशक कबीर खान ने अजय देवगन के व्यावसायिक दफ्तर को लीज पर ले लिया है। यह सौदा पांच साल के लिए हुआ है। अजय का ये दफ्तर वीरा देसाई रोड पर सिग्नेचर टावर में स्थित है। अभिनेता अजय देवगन ने अपने व्यावसायिक दफ्तर को फिल्म निर्देशक कबीर खान को लीज पर दे दिया है। यह दफ्तर मुंबई के अंधेरी में स्थित है। स्क्वायर यार्ड्स के मुताबिक, कबीर खान इसके लिए हर महीने सात लाख रुपये का किराया देंगे। अजय देवगन और कबीर खान के बीच इस सौदे के लिए पट्टे और लाइसेंस का समझौता इसी महीने में हुआ है। इसके लिए 1.12 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी भी दी गई है। अजय देवगन की इस प्रॉपर्टी का आकार 3,455 वर्ग फुट है। कबीर खान ने इसे पांच साल की लीज पर लिया है और इसके लिए 30 लाख रुपये जमा कराए है। अजय देवगन की यह प्रॉपर्टी ओशिवारा में वीरा देसाई रोड पर सिग्नेचर टावर में स्थित है। इस टावर में अजय और काजोल की कई प्रॉपर्टी हैं। इसी टावर में सारा अली खान, अमिताभ बच्चन और कार्तिक आर्यन की भी प्रॉपर्टी शामिल हैं।*

### अजय देवगन की आने वाली फिल्में

*अजय देवगन पिछली बार औरों में कहां दम था फिल्म में नजर आए थे, जिसका बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हुआ था। अजय की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वो जल्द ही सिंघम अगेन में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया है। इसके बाद उन्हें दे दे प्यार दे 2 और रेड 2 में भी नजर आएंगे।*

# रुद्रपुर में खाटू श्याम निशान यात्रा निकाली, विधायक शिव शामिल हुए

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मंगलवार शाम को शहर में श्री श्याम सेवा समिति, रुद्रपुर के तत्वधान मे श्री श्याम निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा सिटी क्लब से शुभारंभ होने के बाद शुरू हुई।

इसके बाद निशान यात्रा काशीपुर बाई पास रोड से अग्रसेन चौक, गांधी पार्क, मुख्य बाजार, भगतसिंह चौक समेत कई जगहों पर होते हुए गल्ला मंडी पहुंच समापन हुआ। निशान यात्रा में बड़ी संख्या मे श्रद्धालु निशान हाथ मे लिये भव्य निशान यात्रा में शामिल हुए। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा भी हाथ में निशान लिये यात्रा मे शामिल हुए यात्रा लेकर शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने कहा कि रुद्रपुर में खाटू श्याम बाबा में आस्था रखने वाले भक्तो भारी संख्या में है। आज भव्य निशान यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बाबा श्याम की कृपा सभी श्याम प्रेमी पर यू ही बनी रहे। इसमें विधायक समर्थक भी शामिल हुए।



## News कॉर्नर

### घर के बाहर खड़ी बाइक चुराई

**हल्द्वानी।** वाहन चोरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक चुरा ली। पीड़ित ने पुलिस शिकायत दर्ज कर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। हल्द्वानी के दुर्गा कालोनी निवासी मो. इस्माइल अशरफी ने थाना बनभूलपुरा में अपनी मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी बाइक घर के बाहर खड़ी थी। कुछ देर बाद जब वह घर से बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने बाइक की ढूंढ खोज भी लेकिन बाइक का सुराग नहीं लगा। उसने पुलिस से बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

### दुर्घटना के आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। आरोप लगाया गया है कि दुर्घटना का शिकार हुए युवक को एक कार ने टक्कर मारकर कुचल दिया और फिर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। आनंद सिंह पुत्र स्व. बहादुर सिंह निवासी ग्राम नौगांव, पो. नायल, जिला अल्मोड़ा ने कोतवाली हल्द्वानी में शिकायत दर्ज कराई है कि 2 सितंबर की सुबह लगभग 5 बजे उनके भाई चन्दन सिंह रौतेला निवासी ग्राम नौगांव तहसील भनोली अल्मोड़ा अपने साथियों के साथ दौड़ने के लिए निकले थे। जब वे नैनीताल टाइल्स रामपुर रोड के पास पहुंचे, तो एक कार ने चन्दन सिंह को टक्कर मार दी। कार चालक ने चन्दन सिंह को कुचलते हुए वाहन को हल्द्वानी की दिशा में भगा दिया। चन्दन सिंह के साथी उसे तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सीआरएसटी इंटर कालेज में अंतर विद्यालयी टेबल टेनिस प्रतियोगिता

नैनीताल
हमारे संवाददाता



नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कालेज में चल रही भुवन चन्द्र साह स्मृति अंतर विद्यालयी टेबल टेनिस प्रतियोगिता के बालिका एकल प्रतियोगिता में श्रृष्टि मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर नैनीताल, कावेरी मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर नैनीताल, मनस्वी सिंह हरमन माइनर भीमताल तथा निहारिका भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया। इसी क्रम में बालक सीनियर वर्ग में महिराज सेंट जोसेफ कालेज नैनीताल, एस0वी0 सिंह सेंन्ट जोसेफ कालेज नैनीताल, सुयश सेंन्ट जोसेफ कालेज नैनीताल् तथा ए0ओली सेंन्ट जोसेफ कालेज नैनीताल तथा आदित्य ग्रोवर बिरला विद्या मंदिर, आवास अधिकारी जी0डी0 गोयंका नौकुचियाताल, वंश अग्रवाल बिरला विद्या मंदिर जबकि एस0 बलियान बिरला विद्या मंदिर नैनीताल ने क्वॉटर फ ईनल में प्रवेश किया जबकि जूनियर बालक वर्ग में अंशदीप सेंन्ट जोसेफ कालेज नैनीताल, भावेश भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल, वाणु चावला बिरला विद्या मंदिर, आर0 बजाज सेंन्ट जोसेफ कालेज नैनीताल, एम0 जैन बिरला विद्या मंदिर, ए0 अंसारी सेन्ट जोसेफ कालेज नैनीताल, नितिन सेन्ट जेवियर नैनीताल तथा युवान सेन्ट जोसेफ कालेज नैनीतालए ने क्वॉटर फाईनल में प्रवेश किया। समाचार लिखे जाने तक मैच विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिता जारी रही। निर्णायक शैलेश साह, चंदन बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, ग्रुप कैप्टन अच्युत, संजय साह, इन्द्र मोहन शर्मा‌ए हैं। इस अवसर पर आयोजक सचिव शैलेंद्र चौधरी, प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे, रितेश साह तथा गणेश दत्त लोहानी आदि उपस्थित थे।

### रुद्रपुर पुलिस का ऑपरेशन प्रहार, चार वारंटी गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जनपद में आपरेशन प्रहार के तहत वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कोतवाली रुद्रपुर की चौकी रम्पुरा पुलिस ने चार वारंटी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस चारों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी के नेतृत्व में टीम ने वारंटियों की गिरफ्तारी को कार्रवाई शुरू की। चौकी प्रभारी के मुताबिक पुलिस ने धर्मपाल कोली पुत्र मुकुट लाल निवासी वार्ड नंबर 23 रम्पुरा, प्रेम शंकर पुत्र हरिओम निवासी वार्ड नंबर 22 रम्पुरा थाना रुद्रपुर, कुंदन कोली पुत्र अशोक कुमार निवासी वार्ड नंबर 23 रम्पुरा,शिवम चंद्रा पुत्र महेश चंद्रा निवासी रम्पुरा रुद्रपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस चारों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही।

# एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की होटल ढाबे, स्पा सेंटरों पर छापेमारी, हड़कंप

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी निरीक्षक जीतो कंबोज के नेतृत्व में टीम ने होटल, ढाबा,स्पा सेंटरों में सत्यापन चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान हड़कंप मच गया। यूनिट ने एक होटल समेत कई जगहों पर अनियमितताएं पाईं। इस पर चालान की की।

साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा चेकिंग के दौरान अनियमितताएं मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी। मंगलवार को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी ने टीम के साथ क्षेत्र में स्थित होटल, ढाबे और स्पा सेंटरों में सत्यापन चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने एक होटल समेत कई जगहों पर सत्यापन न होने व अनियमिताएं पाए गईं। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी के मुताबिक मौके पर नगद चालान किया गया। इसके साथ ही सभी को चेतावनी दी कि अगर दोबारा चैकिंग के दौरान किसी भी कमियां पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर समय समय पर चैकिंग अभियान चलाया जाता है। शिकायतें भी मिलने पर कार्रवाई की जाती है। किसी भी प्रतिष्ठान या होटल, ढाबे पर बिना सत्यापन के कर्मचारियों को रखने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सत्यापन करा कर ही कर्मचारी रखें। टीम में महिला कांस्टेबल ममता मेहरा समेत कई अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# आवारा सांड से टकराई बाइक, युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर में आवारा पशुओं के कारण लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में, हल्द्वानी से बिन्दुखत्ता लौट रहे बाइक सवार युवकों की एक गंभीर दुर्घटना ने इस समस्या की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया है।

मंगलवार की शाम को, हल्द्वानी लालकुआं राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सोयबीन फैक्टरी के पास सड़क पर बैठे एक सांड से बाइक की टकराहई हो गई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटनाग्रस्त युवकों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने 18 वर्षीय लवी नेगी को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनके साथी हिमांशु रावत का इलाज जारी है। घायल सांड को स्थानीय गौधाम भेजा गया है। घटनास्थल पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, लवी नेगी, निवासी पुराना बिंदुखत्ता, अपने दोस्त हिमांशु रावत के साथ बाइक पर सवार होकर हल्द्वानी से घर लौट रहा था। उनके साथ दो अन्य दोस्त दूसरी बाइक पर थे। जब उनकी बाइक हल्दूचौड़ स्थित सोयाबीन फैक्टरी के पास पहुंची, तो सड़क पर बैठे सांड से टकरा गई। इस टकराव के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दोस्तों और स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचित किया, जिसने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। लवी नेगी को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि हिमांशु रावत का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक और घायलों के परिवार अस्पताल पहुंचे हुए हैं और शोक में डूबे हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है और घायल सांड को सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी तथा छात्र महासंघ के सचिन फुलारा के सहयोग से गौधाम भेजा है।स्थानीय निवासी और प्रभावित परिवार इस दुर्घटना से बेहद दुखी हैं।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम मेडिकल स्टोरों व क्लीनिकों में छापेमारी



नैनीताल
हमारे संवाददाता

सीएमओ डा.हरीश चंद्र पंत के विशेष निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को भवाली व ज्योलीकोट के मेडिकल स्टोरों व क्लीनिकों में छापेमारी की। अनियमितता पाए जाने पर दो क्लीनिक स्वामियों को जुर्माना व दो को नोटिस जारी कर दस्तावेज पेश परने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लीनिकों पर नकेल कसने के लिए फि र एक बार अभियान चला दिया है। जिसके तहत मंगलवार को एसीएमओ डॉ. गणेश सिंह धर्मसतू के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र के क्लीनिकों में छापेमारी की। टीम ने भवाली एंव ज्योलीकोट में ऐठानी डेन्टल क्लीनिक, श्रीवास्तव क्लीनिक, सिंह डेन्टल क्लीनिक, विश्वास क्लीनिक, काण्डपाल डेन्टल क्लीनिक, कुमाऊं डायग्नोस्टिक, लाईफ केयर, बालाजी मेडिकल स्टोर में छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान कई क्लीनिक व मेडिकल स्टोर उत्तराखण्ड नैदानिक स्थापना अधिनियम के अर्न्तगत बिना पंजीकरण अवैध रूप से चलाये जा रहे थे। एसीएमओ डॉ. गणेश सिंह धर्मसतू ने बताया कि छापेमारी के दौरान श्रीवास्तव क्लीनिक व बालाजी मेडिकल स्टोर में अनियमिता पाए जाने पर 50 व 50 हजार का जुर्माना लगाया है साथ ही दो मेडिकल स्टोर स्वामियों को नोटिस जारी कर दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रधान सहायक मनोज बिष्ट, कनिष्ठ सहायक दीपेश कुमार व अनुसेवक भुवन मौजूद थे।

### एक सप्ताह में चार लोगों सांप ने को काटा

**नैनीताल।** नैनीताल में एक सप्ताह में ही क्षेत्र के चार लोगों का सांप ने काटा। जिनका उपचार जिला अस्पताल बीडी पांडे में किया जा रहा है। बता दें कि बरसात के दिनों नैनीताल के आसपास क्षेत्र में कई सांप निकलते हैं। कई बार लोगों की ओर से अंजाने में सांप के करीब जाने या उन पर पैर रख देने के चलते उनकों सांप काट लेते हैं। जिसमें कई लोग झाड़ फूंक करते हैं लेकिन कई लोग जिला अस्पताल पहुंचकर उपचार कराते हैं। इन दिनों नैनीताल के आसपास के क्षेत्र सांपों की ओर से कई लोगों को काटने की घटनाएं सामने आई हैं।

# महिला अपराधों के विरोध में भीम आर्मी द्वारा एक दिवसीय धरना

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में देवभूमि उत्तराखण्ड तथा भारत के अधिकांश राज्यों में हो रहे बलात्कारों के विरोध में भीम आर्मी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरने को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में जिस तरह से भारत के कोने कोने में सत्ता पक्ष के कार्यकर्ताओं द्वारा बलात्कार की घटनाएं सामने आ रही हैँ वो चिंता का विषय है, क्या वाकई में हम अमृतकाल में जी रहे हैँ, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा सुन कर डर लगने लगा है कि बेटी किससे बचाएं, स्कूल कॉलेज तक में बेटियां सुरक्षित नहीं हैँ, भाजपा द्वारा जिस तरह से कुलदीप सेंगर, बृजभूषण को बचाने के लिए सर से चोटी तक का ज़ोर लगा दिया था बिलकीस बानो के बलात्कारियों को जेल से बाहर कर सजा माफ की जा रही थी, बलात्कारियों का फूल मलाओं से स्वागत किया जा रहा था अंकिता हत्या कांड के दोषी को बचाने के लिए सारी हदें पार कर दी थीं, उस सब से ही प्रेरणा लेकर भाजपा के कार्यकर्ता निडर होकर खुलेआम बलात्कार कर रहे हैं, आप किसी और की बच्ची को सुरक्षा प्रदान करें कहीं और कोई आपकी बच्ची की सुरक्षा करेगा आओ हम सब मिलजुल कर खुद ही बनाएं बेटियों के लिए एक सुरक्षा चक्र !धरने पर जी आर टम्टा, सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, विकास कुमार, सुंदर लाल बौद्ध, हरीश लोधी, इशरतुल्लाह सैफी, जीतराम आर्य, मोहन लाल आर्य, तस्लीम खान, रितिक कांत सुलेमान मलिक, अनित कुमार उपस्थिति थे।

# स्पेस जर्नी ऑफ इंडिया पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

नैनीताल
हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में भौतिक विज्ञान विभाग में मंगलवार को स्पेस जर्नी ऑफ इंडिया पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि भारत ने मिशन स्पेस में बहुत कामयाबी हासिल की है तथा आज हमें मौसम की सही जानकारी इसी से मिलती है। कहा कि चंद्रयान -3 ने हमें नए आयाम दिए है।

इससे पूर्व कार्यक्रम में कुलपति प्रो0 रावत का भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.संजय पंत ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में भौतिक विज्ञान विभाग के एमएससी थर्ड सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एक नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें इसरो के द्वारा चलाए गए विभिन्न स्पेस मिशन को दर्शाया गया। कार्यक्रम में भौतिक विज्ञान विभाग के शोध छात्रों चरिता पंत और आशा द्वारा क्रमशः इंडियन विमेन इन स्पेस जर्नी तथा आदित्य एल 1 पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें श्वेता पंत बीएससी पाचवां सेमेस्टर, दीक्षा पांडे बीएससी 5 सेमेस्टर और राहुल कर्मयाल बीएससी थर्ड सेमेस्टर ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. संजय पंत ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की तथा परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने स्पेस मिशन में महिलाओं की भागीदारी को सराहनीय करार दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सीमा पांडे ने किया तथा निर्णायक प्रो. बिमल पांडे,प्रो. रमेश चंद्र तथा प्रो. आलोक दुर्गापाल रहे। कार्यक्रम में निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. सुची बिष्ट, प्रो. एमसी जोशी ,प्रो हरीश बिष्ट, डॉ. राजकुमार,डॉ. पीएस नेगी, डॉ. अनिता कुमारी,डॉ. गगनदीप, डॉ. सुनील चनियाल,डॉ. हेमा, डा. निशा मौजूद रही। कार्यक्रम में नाटक करने वाले विद्यार्थी क्रमशः प्रियंका रावत, प्रियंका कनवाल, आरती, भावना, हिमांशु , आकांक्षा , गौतम, कार्तिकय, अपूर्वा, प्रेरणा, जिज्ञासा, अभिषेक, अनुष्का, कंचन भंडारी द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई।